ओन्टेरियो में नए जीवनयापन का प्रारंभ
नवागंतुकों के लिए एक गाइड

इनके बारे में सीखना:

अपने पेशे में काम करना

ओन्टेरियो में एक नवागंतुक के तौर पर आपके कई प्रश्न हो सकते हैं। यह गाइड निम्नलिखित प्रश्नों के बारे में और अधिक जानने में आपकी मदद करेगी:

- ओन्टेरियो में पेशे कैसे विनियमित होते हैं
- कई पेशों में प्रवेश करने के लिए कौन सी बातें अपेक्षित होती हैं
- आपके शैक्षिक प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन कैसे किया जाएगा
- कैरियर मैप और ब्रिजिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम किस तरह से आपकी मदद कर सकते हैं
- ओन्टेरियो नवागंतुकों को कामयाब होने में कैसे सहायता कर रहा है।

शुरूआत करना

ओन्टेरियो में अधिकांश पेशे स्व:विनियमित हैं। इसका अर्थ यह है कि ये पेशे अपने मानकों का निर्धारण और पेशे के सदस्यों का पंजीकरण स्वयं करते हैं। कुछ पेशे कानून द्वारा विनियमित होते हैं। डॉक्टर और वकील इन 'विनियमित पेशों' के दो उदाहरण हैं। अन्य पेशे, जिन्हें 'अविनियमित' या 'स्वैच्छिक' पेशों के रूप में जाना जाता है, कानून द्वारा विनियमित नहीं होते, लेकिन उनके स्वैच्छिक पेशेवर निकाय हो सकते हैं।

विनियमित पेशे

ओन्टेरियो में किसी पेशे को विनियमित करने का सबसे आम तरीका उसे कानून द्वारा विनियमित करना है। यह कानून एक ऐसा पेशेवर निकाय स्थापित करता है, जो उस पेशे को प्रशासित करता है। ये पेशेवर निकाय प्राय: 'कॉलिज' कहलाते हैं। उदाहरण के लिए कॉलिज ऑफ फिज़िशन्स एण्ड सर्जन्स ऑफ ओन्टेरियो चिकित्सा के पेशे को प्रशासित करता है। ये विनियामक निकाय निम्नलिखित कार्यों द्वारा जनता को संरक्षण प्रदान करते हैं:

- कार्य के मानक तय करके
- पेशे में प्रवेश करने की अपेक्षाएं तय करके
- पेशे में प्रवेश करने के इच्छुक व्यक्तियों की योग्यताओं का मूल्यांकन करके
- पेशे के योग्यता-प्राप्त सदस्यों को पंजीकृत करके
- सदस्यों को अनुशासित करके, जिसमें पेशे में कार्य करने के अधिकार को समाप्त करने का अधिकार भी शामिल है।

विनियमित पेशों के लिए सामान्यत: निम्नलिखित बातें अपेक्षित होती हैं:

- कई वर्षों का विश्वविद्यालय या कॉलेज अध्ययन
- पेशे के किसी लाइसेंसप्राप्त कार्यकर्ता की देखरेख में व्यवहारिक अनुभव
- लाइसेंस संबंधी परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करना।

नवागंतुकों को कामयाब होने के लिए सहायता

मिनिस्ट्री ऑफ सिटिज़नशिप एण्ड इमीग्रेशन *फेयर एक्सेस रेग्यूलेटेड प्रफेशन्स एक्ट, 2006* का कार्यान्वयन कर रही है, जिसे ओन्टेरियो के विनियमित पेशों में प्रवेश करने में नवागंतुकों की मदद करने के उद्देश्य से बनाया गया है। इस अधिनियम के माध्यम से ग्लोबल इक्सपीरिएन्स ओन्टेरियो(जी ई ओ) की स्थापना की गई है, जो अन्तर्राष्ट्रीय रूप से प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए एक नया सुविधा केन्द्र है। जी ई ओ, विनियमित पेशों में प्रवेश करने वाले नवागंतुकों को जानकारी, रेफरल सेवाएं और अन्य महत्वपूर्ण सहयोग उपलब्ध कराता है। जीईओ पर और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए ओन्टेरियो आप्रवासन के जाल-स्थल www.OntarioImmigration.ca पर 'Working' खण्ड में जाएं।

विनियमित पेशों में प्रवेश करना

किसी पेशे में प्रवेश करने के लिए प्रत्येक विनियामक निकाय अपनी शर्तें स्वयं निर्धारित करता है। इन शर्तों में प्राय: निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्ति की पहचान का प्रमाण
- कैनेडा में आवास का प्रमाण
- न्यूनतम शैक्षिक योग्यताएं
- भाषा कुशलता
- पेशेगत या पर्यवेक्षण अनुभव
- अच्छा चरित्र
- परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करना
- पंजीकरण शुल्क का भुगतान

पेशेवर उपाधि का प्रयोग

कुछ पेशों में किसी विनियामक निकाय में पंजीकृत हुए बिना पेशे की प्रैक्टिस करना या पेशे की उपाधि का प्रयोग करना गैर-कानूनी माना जाता है। अन्य पेशों में इस बात को लेकर कोई पाबंदी नहीं है कि पेशे की प्रैक्टिस कौन कर सकता है, लेकिन पेशेवर उपाधि का प्रयोग तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि कोई व्यक्ति विनियामक निकाय में पंजीकृत न हो। कुछ पेशे, जैसे इंजीनियरिंग और वास्तु शास्त्र लोगों को लाइसेंस के बिना काम करने की इजाजत देते तो हैं, लेकिन शर्त यह है कि कोई लाइसेंसप्राप्त प्रैक्टिशनर उस काम की जिम्मेदारी ले।

अविनियमित पेशों में प्रवेश

कुछ पेशे कानून द्वारा विनियमित नहीं होते, लेकिन उनके स्वैच्छिक पेशेवर निकाय हो सकते हैं। इनमें से कई पेशेवर निकाय प्रमाणन पाठ्यक्रम और पंजीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं। पंजीकरण को प्राय: संबंधित पेशे के भीतर महत्व दिया जाता है, और यह संबंधित क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है।

अपने शैक्षिक प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन कराना

प्रत्येक पेशे की अपनी-अपनी शैक्षिक अपेक्षाएं होती हैं। बहुत से अलग-अलग संगठन आपकी स्कूली शिक्षा का मूल्यांकन करके यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह ओन्टेरियो के मानकों पर खरी उतरती है या नहीं। ओन्टेरियो में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की कई शैक्षिक योग्यताओं का मूल्यांकन वर्ल्ड एड्यूकेशन सर्विसेज़ कैनेडा (डब्ल्यू ई एस) द्वारा किया जाता है। आप www. wes.org/ca/ पर जा कर डब्ल्यू ई एस के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। फिर भी, प्रत्येक विनियामक निकाय इस बात का निर्णय लेता है कि आवेदकों की योग्यताओं का मूल्यांकन कैसे किया जाए। पहले विनियामक निकाय से यह पता लगाना जरूरी है कि कौन सी मूल्यांकन सेवाओं को मान्यता प्राप्त है।

कैरियर मैप का प्रयोग

विभिन्न किस्मों के पेशों में प्रवेश करने के बारे में उन पर चरणबद्ध रूप से जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिनिस्ट्री ऑफ सिटिज़नशिप एंड इमिग्रेशन ने विनियामक निकायों के साथ मिलकर कैरियर मैप तैयार किए हैं। कैरियर मैप निम्नलिखित बातें समझने में आपकी मदद कर सकते हैं:

- किसी पेशे में प्रवेश करने के लिए अपेक्षित योग्यता
- ऐसी परीक्षाएं, जो अपेक्षित हो सकती हैं
- परीक्षा और पंजीकरण की लागत
- किसी पेशे में मौजूद कार्य के अवसर

ओन्टेरियो आप्रवासन के जाल-स्थल www.OntarioImmigration.ca में 'Work in Your Profession' पृष्ठ पर आपको कैरियर मैप मिल सकते हैं।

ब्रिज ट्रेनिंग : यह कैसे मदद कर सकता है

ओन्टेरियो आने वाले कई नवागंतुक निपुण होते हैं और पोस्ट सेकेण्डरी प्रशिक्षण या शिक्षा प्राप्त किए हुए होते हैं। इन लोगों को 100 से ज्यादा व्यवसायों और पेशो में अतिरिक्त तेजी से आगे बढ़ने में सहायता करने के उद्देश्य से सरकार ने ब्रिज ट्रेनिंग प्रोग्रामों का विकास किया है। ब्रिज ट्रेनिंग प्रोग्राम निम्नलिखित कार्यों में आपकी सहायता कर सकते हैं:

- आपके कौशल का मूल्यांकन करने में
- आपके कौशलों और प्रशिक्षण को अपग्रेड करने में
- ओन्टेरियो में काम का अनुभव प्राप्त करने में
- जो कुछ आप पहले ही सीख चुके हैं, उसे पुनः सीखे बिना अपने पेशे में प्रवेश करने में।

इन प्रोग्रामों ने नवागंतुकों के लिए मौजूद कई अवरोधों की पहचान करने और उन्हें दूर करने तथा व्यवसायों और पेशों में उनके द्वारा और अधिक तेजी से प्रवेश करने में सहायता की है। सामान्यतः आपसे इन प्रोग्रामों के लिए शुल्क लिया जाएगा

ब्रिज ट्रेनिंग प्रोग्रामों पर और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, ओन्टेरियो आप्रवासन के जाल-स्थल www.OntarioImmigration.ca में 'Work in Your Profession' खण्ड पर जाएं।

और अधिक सीखने के लिए

क्या आप किसी विशिष्ट पेशे में सम्भावनाएं तलाशने के प्रति रूचि रखते हैं? ओन्टेरियो में अनेक पेशों से संबंधित विनियामक निकायों की सूची नीचे दी गई है। आप ओन्टेरियो आप्रवासन के जाल-स्थल www.OntarioImmigration.ca. पर भी ओन्टेरियो में रहने, काम करने और सीखने के संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

वास्तुकला
Ontario Association of Architects
टेलीफोन: 416/565-2724
ई-मेल: oaamail@oaa.on.ca
http://www.oaa.on.ca

श्रवण-विज्ञानी और स्पीच पैथोलॉजिस्ट
College of Audiologists and Speech-Language Pathologists of Ontario
टेलीफ़ोन: 416/975-5347 नि:शुल्क (ओन्टेरियो में): 1-800-993-9459
ई-मेल: caslpo@caslpo.com
http://www.caslpo.com

सर्टिफाइड जनरल अकाउन्टेन्ट
Certified General Accountants Association of Ontario
टेलीफोन: 416/322-6520
ई-मेल: info@cga-ontario.org
http://www.cga-ontario.org

सर्टिफाइड मैनेजमेन्ट अकाउन्टेन्ट
The Society of Management Accountants of Ontario
टेलीफोन: 416/977-7741
ई-मेल: info@CMA-Ontario.org
http://www.cma-ontario.org

चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट
The Institute of Chartered Accountants of Ontario
टेलीफोन: 416/962-1841 नि:शुल्क (कैनेडा और यू. एस .ए .में): 1-800-387-0735
ई-मेल: custserv@icao.on.ca
http://www.icao.on.ca

काइरोपोडिस्ट (पाद-चिकित्सक)
College of Chiropodists of Ontario
टेलीफोन: 416/542-1333 नि:शुल्क (ओन्टेरियो में): 1-877-232-7653
ई-मेल: info@cocoo.on.ca
http://www.cocoo.on.ca

काइरोप्रैक्टर
College of Chiropractors of Ontario
टेलीफोन: 416/922-6355
ई-मेल: cco.info@cco.on.ca
http://www.cco.on.ca

दंत-स्वास्थ्य विज्ञानी
College of Dental Hygienists of Ontario
टेलीफोन: 416/961-6234 नि:शुल्क (ओन्टेरियो में):1-800-268-2346
ई-मेल: deputyregistrar@cdho.org
http://www.cdho.org

डेन्टल टैक्नोलॉजिस्ट
College of Dental Technologists of Ontario
टेलीफोन: 416/438-5003 नि:शुल्क: 1-877-391-2386
ई-मेल: info@cdto.ca
http://www.cdto.ca

दंत शल्य चिकित्सक
Royal College of Dental Surgeons of Ontario
टेलीफोन: 416/961-6555 नि:शुल्क: 1-800-565-4591
ई-मेल: info@rcdso.org
http://www.rcdso.org

डेन्चरिस्ट
College of Denturists of Ontario
टेलीफोन: 416/925-6331 नि:शुल्क: 1-888-236-4326
ई-मेल: info@denturists-cdo.com
http://www.denturists-cdo.com

आहार-विशेषज्ञ
College of Dieticians of Ontario
टेलीफोन: 416/598-1725 नि:शुल्क: 1-800-668-4990
ई-मेल: information@cdo.on.ca
http://www.cdo.on.ca

इंजीनियर
Professional Engineers Ontario
टेलीफोन: 416/224-1100 नि:शुल्क (ओन्टेरियो में): 1-800-339-3716
ई-मेल: academics@peo.on.ca
http://www.peo.on.ca

इंजीनियरिंग टेक्निशियन या टैक्नोलॉजिस्ट
Ontario Association of Certified Engineering Technicians & Technologists (OACETT)
टेलीफोन: 416/621-9621
ई-मेल: info@oacett.org
http://www.oacett.org

वानिकी
Ontario Professional Foresters Association
टेलीफोन: (705) 436-2226
ई-मेल: opfa@opfa.com
http://www.opfa.on.ca

फ़्यूनरल डायरेक्टर
Board of Funeral Services
टेलीफोन: 416/979-5450
ओन्टेरियो मेंa नि:शुल्क: 1-800-387-4458
ई-मेल: info@funeralboard.com
http://www.funeralboard.com

जिओसाइंटिस्ट
Association of Professional Geoscientists of Ontario
टेलीफोन: 416-203-2746
ई-मेल: info@apgo.net
http://www.apgo.net

बीमा दलाल
Registered Insurance Brokers of Ontario
टेलीफोन: 416/365-1900 नि:शुल्क: 1-800-265-3097
ई-मेल: vivian@ribo.com
http://www.ribo.com

भू सर्वेक्षक
Association of Ontario Land Surveyors
टेलीफोन: 416/491-9020 नि:शुल्क: 1-800-268-0718
ई-मेल: admin@aols.org
http://www.aols.org

वकील
Law Society of Upper Canada
टेलीफोन: 416/947-3300 नि:शुल्क: 1-800-668-7380
ई-मेल: lawsociety@lsuc.on.ca
http://www.lsuc.on.ca

मालिश उपचारक
College of Massage Therapists of Ontario
टेलीफोन: 416/489-2626 नि:शुल्क: 1-800-465-1933
ई-मेल: cmto@cmto.com
http://www.cmto.com

मेडिकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजिस्ट
College of Medical Laboratory Technologists of Ontario
टेलीफोन: 416/861-9605 नि:शुल्क: 1-800-323-9672
ई-मेल: mail@cmlto.com
http://www.cmlto.com

मेडिकल रेडिएशन टैक्नोलॉजिस्ट
College of Medical Radiation Technologists of Ontario
टेलीफोन: 416/975-4353 नि:शुल्क (ओन्टेरियो में):1-800-563-5847
ई-मेल: info@cmrto.org
http://www.cmrto.org

मिडवाइफ
College of Midwives of Ontario
टेलीफोन: (416) 327-0874
ई-मेल: admin@cmo.on.ca
http://www.cmo.on.ca

नैचुरोपैथ
Board of Directors of Drugless Therapy-Naturopathy
टेलीफोन: (416) 866-8383
ई-मेल: office@bddth.on.ca
www.boardofnaturopathicmedicine.on.ca

नर्स
College of Nurses of Ontario
टेलीफोन: 416/928-0900 नि:शुल्क: 1-800-387-5526
ई-मेल: cno@cnomail.org
http://www.cno.org

ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट
College of Occupational Therapists of Ontario
टेलीफोन: 416/214-1177 उत्तरी अमेरिका में नि:शुल्क: 1-800-890-6570
ई-मेल: info@coto.org
http://www.coto.org

ऑप्टिशियन
College of Opticians of Ontario
टेलीफोन: 416/368-3616 ओन्टेरियो मेंa नि:शुल्क: 1-800-990-9793
ई-मेल: info@coptont.org
http://www.coptont.org

ऑप्टोमीटरिस्ट
College of Optometrists of Ontario
टेलीफोन: 416/962-4071 नि:शुल्क (ओन्टेरियो में):1-888-825-2554
ई-मेल: registration@collegeoptom.on.ca

http://www.collegeoptom.on.ca

फिजियोथेरेपिस्ट
College of Physiotherapists of Ontario
टेलीफोन: 416/591-3828 कैनेडा/यूएसए मेंa नि:शुल्क: 1-800-583-5885
ई-मेल: info@collegept.org
http://www.collegept.org

फार्मासिस्ट
Council of the Ontario College of Pharmacists
टेलीफोन: 416-962-4861
ई-मेल: dcroteau@ocpharma.com
http://www.ocpinfo.com

फिजिशियन या सर्जन
College of Physicians and Surgeons of Ontario
टेलीफोन: (416) 967-2603 नि:शुल्क: 1-800-268-7096
ई-मेल: feedback@cpso.on.ca
http://www.cpso.on.ca

मनोविज्ञानी
College of Psychologists of Ontario
टेलीफोन: (416) 961-8817 नि:शुल्क: 1-800-489-8388
ई-मेल: cpo@cpo.on.ca
http://www.cpo.on.ca

रीयल ऐस्टेट ब्रोकर
Real Estate Council of Ontario
टेलीफोन: (416) 207-4800 नि:शुल्क: 1-800-245-6910
ई-मेल: registration@reco.on.ca
http://www.reco.on.ca

रेस्पिरेटरी थेरेपिस्ट
College of Respiratory Therapists of Ontario
टेलीफोन: 416/591-7800 नि:शुल्क: 1-800-261-0528
ई-मेल: crto@crto.on.ca
http://www.crto.on.ca

सामाजिक कार्यकर्ता
Ontario College of Social Workers & Social Service Workers
टेलीफोन: (416) 972-9882 नि:शुल्क: 1-877-828-9380
ई-मेल: info@ocswssw.org
http://www.ocswssw.org

शिक्षक
Ontario College of Teachers
टेलीफोन: 416/961-8800
नि:शुल्क: 1 888 534-2222
ई-मेल: info@oct.ca
http://www.oct.ca

पशुचिकित्सक
College of Veterinarians of Ontario
टेलीफोन: 519/824-5600 नि:शुल्क: 1-800-424-2856
ई-मेल: inquiries@cvo.org
http://www.cvo.org